हरिभूमि

# धमतरी भूमि

रायपुर, गुरुवार 4 दिसंबर 2025

कुरुद | सिर्री | जीजामगांव | नगरी | मगरलोड


तापमान

अधिकतम 27 डिग्री

न्यूनतम 13 डिग्री


13 खेतों में धधक रही आग, धुएं से वातावरण प्रदूषित





14 कांग्रेस की नई जिलाध्यक्ष तारिणी का हुआ भव्य स्वागत...




## खबर संक्षेप

### सिवनीकला में रक्तदान शिविर आज

**सिर्री।** भारतीय नौसेना दिवस के मौके पर सिकलसेल एवं थैलेसीमिया बच्चों के लिए रक्तदान शिविर का आयोजन 4 दिसंबर गुरुवार को ग्राम सिवनीकला के बांधापारा बाजार चौक में रखा गया है। स्वैच्छिक रक्तदाताओं को सम्मान स्वरूप बैग एवं प्रमाण-पत्र दिया जायेगा। यह जानकारी ईश्वर साहू पूर्व सरपंच ने दी।

### अमीन भर्ती परीक्षा 7 को

**धमतरी।** छत्तीसगढ़ व्यावसायिक परीक्षा मंडल रायपुर द्वारा जल संसाधन विभाग अंतर्गत अमीन भर्ती परीक्षा का आयोजन 7 दिसंबर को दोपहर 12 से 2:15 बजे तक किया जाएगा। अपर कलेक्टर पवन कुमार प्रेमी ने बताया कि परीक्षा संचालन हेतु धमतरी जिले में कुल 38 परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं, जिनमें 9580 परीक्षार्थी सम्मिलित होंगे। शांतिपूर्ण परीक्षा सम्पन्न कराने के लिए 38 पर्यवेक्षक एवं 4 उड़नदस्ता दल गठित किए गए हैं। प्रत्येक परीक्षा केंद्र में एक महिला एवं एक पुरुष पुलिसकर्मी की ड्यूटी लगाई गई है।

### 7 को बुनियादी साक्षरता एवं संख्यात्मक ज्ञान मूल्यांकन परीक्षा

**धमतरी।** उल्लास नवभारत साक्षरता कार्यक्रम अंतर्गत जिले में 7 दिसंबर को राष्ट्रव्यापी बुनियादी साक्षरता एवं संख्यात्मक ज्ञान मूल्यांकन परीक्षा आयोजित की जाएगी। जिले के लगभग 8 हजार असाक्षर इस परीक्षा में शामिल होंगे। परीक्षा प्रातः 10 बजे से शाम 5 बजे तक होगी। इसके लिए जिले में 408 परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं।

### 40 से ज्यादा धान खरीदी केंद्रों में बफर लिमिट से ज्यादा धान

# सुस्त खरीदी व उठाव नहीं होने से समितियों में धान जाम

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

खरीदी की सुस्त रफ्तार के बाद भी खरीदी केंद्रों में जाम लगने लगा है। अब तक 35 से ज्यादा केंद्रों में बफर लिमिट से ज्यादा धान जाम हो चुका है। अन्य कई खरीदी केंद्रों में इस सप्ताह खरीदी बफर लिमिट से ज्यादा हो जाएगी। उधर खरीदी के 18 दिन होने वाले हैं, लेकिन अब तक उठाव शुरू नहीं किया गया है।

धान खरीदी 16 नवंबर से जिले के सभी 100 केंद्रों में चल रही है। खरीदी के 17 दिन बाद धान का उठाव शुरू नहीं हो पाया है जिसकी वजह से 40 से ज्यादा धान उपार्जन केंद्रों में बफर लिमिट से ज्यादा धान स्टोर हो गया है। वहीं 58 गांव ऐसे हैं जहां पर खरीदी 10 हजार क्विंटल से पार हो चुकी है। जानकारी के अनुसार जुगदेही में सर्वाधिक 24 हजार 492 क्विंटल धान की खरीदी हुई है। यहां से एक बीज धान का उठाव नहीं हुआ है। उठाव की स्थिति देखें तो शासन ने एक भी मिलर को धान का उठाव करने के लिए डीओ जारी नहीं किया है। हालांकि मिलरों से धान उठाव के लिए अनुबंध हुए हैं और वे डीओ मिलने का इंतजार कर रहे हैं, लेकिन शासन से इस दिशा में कोई पहल नहीं की गई है।



#### इन केंद्रों में स्थिति खराब

घठुला खरीदी केंद्र में 17 हजार 648, नगरी में 19 हजार 750, सांकरा में 18 हजार 843, सेमरा में 12 हजार 401 क्विंटल धान की खरीदी हो चुकी है। इनके अतिरिक्त 40 ऐसे खरीदी केंद्र हैं जहां पर बफर लिमिट से ज्यादा खरीदी हो चुकी है। शासन द्वारा शीघ्र ही उठाव शुरू नहीं किया जाता है तो अगले सप्ताह से इन केंद्रों में खरीदी मुश्किल से हो पाएगी। कुछ खरीदी केंद्रों में जगह के अभाव में खरीदी भी बंद हो सकती है।

#### 58 खरीदी केंद्रों में 10 हजार क्विंटल से ज्यादा खरीदी

जिले के 100 खरीदी केंद्रों में से 58 खरीदी केंद्र ऐसे हैं, जहां पर 10 हजार क्विंटल से ज्यादा धान की खरीदी हो चुकी है। इनमें शंकरदाह, लोहरसी, दोनर, अछोटा, आमदी, भोथली, कंडेल, देमार, संबलपुर, डाही, छाती, फरसियां, सिहावा, बेलरगांव, सांकरा, गट्टासिल्ली, डोंगरडुला, बोरसी, मोहंदी, मगरलोड, करेली छोटी, बेलरदोना, सिंगपुर, मूलगांव, मेघा, भोथीडीह, करेली, कुंडेल, चंदना, खिसोरा, कुरूद, गाड़ाडीह, मंदरौद, भाठागांव, बगौद, चर्रा, कातलबोड़, सिवनीकला, कोकड़ी, अंवरी, चिंवरी, कोड़ेबोड़, थुहा, जामगांव, दरबा, करगा, कोलियारी (भखारा), कोसमर्रा, सेमरा, डोमा, तरसींवा, कुर्रा, गातापार, भेंड्रा, जुगदेही शामिल हैं।

#### फिर कैसे बढ़े लिमिट

खरीदी केंद्रों में खरीदी सुस्त रफ्तार से चल रही है। इसके बाद भी उठाव नहीं होने के कारण खरीदी केंद्रों में जाम की स्थिति बनी हुई है। अब ऐसे में धान खरीदी केंद्रों में प्रतिदिन खरीदी की लिमिट बढ़ा दी जाती है तो समस्या और गंभीर हो जाएगी। खरीदी की रफ्तार बढ़ने से केंद्रों में जाम भी और तेजी से लग जाएगा। उम्मीद की जा रही है कि एक दो दिन के भीतर उठाव शुरू कर दिया जाएगा। लिमिट भी बढ़ाई जाएगी।

# केबल वायर चोर सहित खरीदार कबाड़ी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

■ कोतवाली पुलिस ने की कार्रवाई



सबमर्सिबल पम्प से केबल वायर की चोरी करने वाले चोर व खरीदार कबाड़ी वाले को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। ग्रामीण क्षेत्र में सक्रिय केबल वायर चोर खेतों में लगे सबमर्सिबल पम्प के केबल वायर को आसानी से चोरी कर लेते थे। अब शहर में भी घर के सामने लगे केबल वायर चोरी की घटना हो रही है। केबल वायर चोरी की एक घटना कुछ महीने पहले बठेना वार्ड में हुई। वहीं चोरी की दूसरी घटना शहर के बालक चौक में सोमवार की रात्रि हुई है। नेहरू मार्केट बालक चौक धमतरी निवासी शांतिलाल जसूजा उम्र 57 वर्ष सोमवार की रात्रि खाना खाकर सो गए। उसके घर के सामने बोर में सबमर्सिबल पम्प लगा हुआ है। घर से लगभग 100 फीट केबल वायर कनेक्शन पम्प तक गया हुआ था। रात्रि में अज्ञात चोर ने 100 फीट केबल वायर की चोरी कर ली। शिकायत पर कोतवाली पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ धारा 303-2, 238 बीएनएस के तहत अपराध दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी। जांच में जुटी कोतवाली पुलिस ने घटनास्थल का बारीकी से निरीक्षण व आसपास लगे सीसीटीवी फुटेज का विश्लेषण कर संदेही उदय ढीमर को हिरासत में लेकर पूछताछ की। संदेही ने केबल वायर की चोरी करना स्वीकार किया। आरोपी ने चोरी के केबल वायर को जलाकर उसका तांबा निकाल उसे कबाड़ी जैद खान को बेचना बताया। मुखबिर की सूचना पर पुलिस ने कबाड़ी जैद खान की दुकान में दबिश दी। यंहा से चोरी का तांबा कीमत 7 हजार ▶▶ शेष पेज 12 पर

# धान खरीदी और रबी तैयारी पर कलेक्टर का फोकस

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी



कलेक्टर अबिनाश मिश्रा की अध्यक्षता में आज कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में समय-सीमा की बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में विभागों की लंबित योजनाओं, शासन की प्राथमिकताओं एवं मैदानी स्तर पर आमजन को मिलने वाली सेवाओं की गुणवत्ता को लेकर विस्तृत समीक्षा की गई।

कलेक्टर ने चालू खरीफ विपणन वर्ष में समर्थन मूल्य पर धान खरीदी की प्रगति की समीक्षा करते हुए समिति स्तर पर नोडल अधिकारियों द्वारा टीओ, डीओ तथा अन्य प्रक्रियाओं के भौतिक सत्यापन पर विशेष जोर दिया। उन्होंने गेट पास का शत-प्रतिशत सत्यापन सुनिश्चित करने के निर्देश देते हुए कहा कि अवैध धान भंडारण एवं परिवहन पर कठोर निगरानी रखी जाए और आवश्यकता पड़ने पर त्वरित कार्रवाई की जाए। बारदाना उपलब्धता की समीक्षा करते हुए कलेक्टर ने कहा कि खरीदी कार्य बाधित न हो, इसके लिए सभी समितियां समय रहते आवश्यक संसाधनों की पूर्ति सुनिश्चित करें। उन्होंने सभी एसडीएम को रकबा समर्पण कार्य समयबद्ध रूप से पूर्ण कराने तथा जिले के राइस मिलों का भौतिक सत्यापन प्राथमिकता से कराने के निर्देश दिए। मतदाता सूची विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण 2026 की प्रगति पर कलेक्टर ने अब तक हुए एसआईआर कार्य की प्रशंसा करते हुए शेष कार्य शीघ्र पूरा करने कहा। आगामी रबी फसल को ध्यान में रखते हुए उन्होंने विभागीय अधिकारियों से खाद-बीज की उपलब्धता की विस्तृत जानकारी भी ली।

शिक्षा विभाग की समीक्षा के दौरान कलेक्टर ने अर्धवार्षिक परीक्षा की स्थिति जानी और निर्देश दिए कि जिन ▶▶ शेष पेज 12 पर


## पाठक सूचना

धमतरी जिले में हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें

मो. 9826114710, 9993322768 9098324969



हरिभूमि

जन्मदिन उत्सव महाबम्पर ड्रा

## सांत्वना पुरस्कार विजेताओं के नाम

**रायपुर संस्करण** - 371. मेश पटेल पिता\पति ईश्वर पटेल पता- चंगोरा भाटा रायपुर, 372. हेमांगी शांडिल्य पिता\पति अमृत शांडिल्य पता– रायपुर, 373. हरिशंकर चंद्राकर पिता\पति स्व. फूलसिंह चंद्राकर पता- सुन्दर नगर रायपुर, 374. रूप राम साहू पिता\पति चैन सिंह साहू पता - बोरिया खुर्द रायपुर, 375. मिथलेश आडिल पिता\पति अजीत राम आडिल पता- राम नगर चंगोरा भाठा रायपुर, 376. रूपराम देवांगन पिता\पति घसिया राम देवांगन पता- मथपुरेना रायपुर, 377. सृष्टि चंद्राकर पिता\पति देवेन्द्र कुमार चंद्राकर पता- छत्तीसगढ़ नगर टिकरापारा रायपुर, 378. जितेश कुमार देवांगन पिता\पति बलदेव देवांगन पता- शहीद भगत सिंह चौक टिकरापारा रायपुर, 379. एशिता सेन पिता\पति जितेन्द्र सेन पता- छत्तीसगढ़ नगर टिकरापारा रायपुर, 380. त्रिशा सिन्हा पिता\पति पदमलोचन सिन्हा पता- मोहंदा तरपोंगी रायपुर, 381. अनन्या साहु पिता\पति रोशन लाल साहु पता- सरकड़ा पोस्ट पांडुका, 382. देवानंद साहू पिता\पति महेतरू राम साहू पता- दहदहा धमतरी, 383. लता बाई साहू पिता\पति सनत राम साहू पता- बकली कुरुद धमतरी, 384. सैय्यद मखमूद अली पिता\पति सैय्यद महमूद अली पता- सिहावा चौक धमतरी, 385. थानेश्वर सिन्हा पिता\पति राम कुमार सिन्हा पता- भोथिपार खुर्द नयापारा राजनादगांव, 386. पशुपति नाथ ताम्रकार पिता\पति स्व. शंकर लाल ताम्रकार पता- गैंदाटोला राजनादगांव, 387. सुनीता सोनी पिता\पति राकेश कुमार सोनी पता- सोनार पारा राजनादगांव, 388. चित्रांश चौहान पिता\पति हेमंत कुमार चौहान पता- बेमेतरा, 389. झामिन देवांगन पिता\पति हरीश कुमार देवांगन पता- सरगपाल कांकेर, 390. ईश्वर चंद खिस्ती पिता\पति स्व. सूर्यकान्त खिस्ती पता- चितौद पुरुर धमतरी, 391. सरिता राव पिता\पति M.G. राव पता- नयापारा जगदलपुर, 392. राजेंद्र सिदार पिता\पति वासुदेव सिदार पता- अयोध्या नगर महासमुंद, 393. बेला शर्मा पिता\पति विजय कुमार शर्मा पता- AH\34 कलेक्टर कॉलोनी कवर्धा, 394. कुंदन वर्मा पिता\पति भेलेंद्र कुमार वर्मा पता- अर्जुनी, 395.मिथलेश ठाकुर पिता\पति लक्ष्मा ठाकुर पता- डी.एन. के. कोंडागांव, 396. हर्षित टंडन पिता\पति द्वारिका प्रसाद पता- क्वा.2/C 15 जोन- 1 खुर्सीपार, 397. निर्मल सिंह पिता\पति स्व.तेजा सिंह पता- Q.N.-90/J कैंप -01 भिलाई, 398. केशव दास साहू पिता\पति दानी राम साहू पता-वार्ड न.-27 सुभाष नगर खुर्सीपार भिलाई, 399. खिलेश देवांगन पिता\पति चैत लाल देवांगन पता- क्वा. न. 5\H जोन-01 खुर्सीपार भिलाई, 400. अन्नपूर्णा साहू पिता\पति तुला राम साहू पता-रामनगर भिलाई, 401. चैतन्य साहू पिता\पति तेजप्रकाश साहू पता-अंजोरा दुर्ग, 402. रेखचंद ठाकुर पिता\पति रोमन ठाकुर पता- गनियारी दुर्ग, 403. सतीश देवांगन पिता\पति स्व.जीवन लाल देवांगन पता- कोष्टा पारा देवांगन, 404. पंकज कुमार पटेल पिता\पति स्व. नन्द कुमार पटेल पता- पटेल पारा वार्ड क्र.57 उरला दुर्ग, 405. समय लाल साहू पिता\पति नजरू राम साहू पता-पुरनी बस्ती पोटियाकला दुर्ग, **बिलासपुर संस्करण**- 406. नारायन कुमार सोनी पिता/पति -महेंद्र कुमार सोनी पता– बड़ौदा, 407. दिनेश देवांगन पिता/पति लखन लाल देवांगन पता- मेन रोड गांधी चौक सिवनी चांपा, 408. अननिया शराफ़ पिता/पति यशवंत शराफ़ पता– बलौदा, 409. महेंद्र कुमार सोनी पिता/पति शिव कुमार सोनी पता- बलौदा सोनरपारा, 410. अखिलेश्वर प्रसाद पिता/पति स्व. रेशम लाल पता- पौना जांजगीर, 411. अरुण कुमार यादव पिता/पति प्रकाश चंद यादव पता- खोखासा वार्ड- 4 जांजगीर, 412. रामेश्वर कुमार सूर्यवंशी पिता/पति पीसोद जांजगीर, 413. विकेश यादव पिता/पति रघुलाल यादव पता- पुरानी बस्ती नैला वार्ड-4, 414. पीयूस यादव पिता/पति तिवारी पारा खरौद नगर जांजगीर रायगढ़ जिला 415. रूप दर्शन पिता/पति अजय कुमार दर्शन पता- केलो विहार कालोनी, 416. ललित गुप्ता पिता/पति श्याम चंद्र गुप्ता पता- कंसबेल 417. लालिमा चौहान पिता/पति जीवरधन चौहान पता- बेलाडुल खररघाट, 418. जीवर्धन प्रसाद चौहान पिता/पति स्व. सुकमुना चौहान पता- बेलाडुल रायगढ़ 419. श्याम सिंह ठाकुर पिता/पति स्व. अमरनाथ सिंह ठाकुर पता- दारोगपारा रायगढ़ मुंगेली जिला, 420. प्रिया तंबोली पिता/पति मनीष तंबोली पता- शिक्षक नगर आंबेडकर वार्ड मुंगेली 421. शृंखला शर्मा पिता/पति चंद्रशेखर शर्मा पता- मुंगेली, 422. डॉली श्रीवास पिता/पति कमलेश श्रीवास पता- अग्रसेन वार्ड, 423. संतोष कुमार पाठक पिता/पति स्व. सलिक राम पाठक पता- मुंगेली, 424. अक्षय कुमार देवांगन पिता/पति राजेश देवांगन पता- पड़ाव पारा मुंगेली, 425. रितिका देवांगन पिता/पति बसंत देवांगन पता- आंबेडकर वार्ड मुंगेली, 426. धीरज बांध पिता/पति संदीप बांध पता- मिशन कम्पाउन्ड मुंगेली, 427. दिवांश पटेल पिता /पति वार्ड-1 सूरदा देवरी, 428. आंचल पटेल पिता/पति वार्ड-1 सड़क पारा सूरदा देवरी मुंगेली, **भोपाल संस्करण** - 429. अंशुल सेन पिता\पति बिनोद सेन पता- ई-6 जनता कॉलोनी अरेरा कॉलोनी, 430. पूजा सेन पिता\पति विनोद सेनशाहपुरा, 431. रोशन रैकवार पिता\पति विमल रैकवार पता- 21 श्याम नगरभोपाल, 432 .दिनेश कुमार पटेल पिता\पति रामसलोने पता-पटेलशॉप 18 मेट्रो वॉक विटटन मार्केट, 433. रवि कुमार पाण्डेय पिता\पति किशन पाण्डेय पता-विश्वकर्मा नगर, 434. नीरज चौबे पता- विदिशा पेढ़ी स्कूल के पास, 435. रानी कुशवाह पिता\पति सुनील कुशवाह पता- विदिशा, 436. आदित्य सक्सेना पिता\पति मनोज सक्सेना पता- मकान नं.115 फेस-3 अरिहंत विहार विदिशा, **जबलपुर संस्करण** 437. नरेंद्र कुमार जैन पिता\पति स्वर्गी कोमल चंद्र जैन गोल बाजार जबलपुर, 438. प्रेमा नारायण पिता\पति बसु देव संजय गांधी नगर कटंगा जबलपुर, 439. अंश सोनोने पिता\पति शरद सोनोने पता- 970 मंजू पर्थ दीक्षित पूरा उपरैनगंज डॉक्टर राजेंद्र प्रसाद वार्ड जबलपुर, 440. प्रिथम नायक पिता\पति प्रदीप नायक पता- नेहरू वार्ड क्रमांक 8 पाटन, 441. सुजीत कुमार द्विवेदी पिता\पति श्री रमेश प्रसाद द्विवेदी वार्ड नंबर 1 अनूपपुर, 442. जितेंद्र गौतम पिता\पति स्वर्गीय बाला प्रसाद गौतम अनूपपुर कोतमा, 443. आरती गुप्ता पिता\पति अभिनेश गुप्ता वार्ड नंबर 6 पुरानी बस्ती कोतमा, 444. अर्चित पांडे पिता\पति भानु कुमार पांडे कोतमा।

नियम एवं शर्तें लागू* शेष विजेताओं की सूची के लिये पढ़ते रहिए हरिभूमि




## खबर संक्षेप

### आफिस आटोमेशन की प्रायोगिक परीक्षा आज

धमतरी। शासकीय नारायणराव मेघावाले कन्या महाविद्यालय धमतरी में अध्ययनरत पी.जी.डी.सी. ए. प्रथम सेमेस्टर की सभी छात्राओं को सूचित किया जाता है, कि उनकी आफिस आटोमेशन की प्रायोगिक परीक्षा दिनांक 4 दिसंबर को प्रातः 11 बजे से निर्धारित की गई है। सभी छात्राएं अपने प्रेक्टिकल रिकार्ड के साथ निर्धारित तिथि व समय पर अनिवार्य रूप से उपस्थित रहे।

## प्रथम पृष्ठ का शेष

### धान खरीदी और रबी तैयारी पर कलेक्टर ...

स्कूलों में विद्यार्थी शैक्षणिक रूप से कमजोर हैं, वहां अतिरिक्त कक्षाएं आयोजित की जाएं। उन्होंने मुख्यमंत्री घोषणाओं की प्रगति की भी जानकारी ली और निर्धारित समय सीमा में कार्य पूर्ण करने पर जोर दिया। कलेक्टर ने नगरपालिकाओं एवं नगर पंचायतों की समीक्षा में शहर के सड़क पेंच वर्क, सड़क मरम्मत, निर्माण एवं नगरोत्थान कार्यों की जानकारी लेते हुए मरम्मत कार्य तेजी से पूर्ण करने के निर्देश दिए। बैठक में विभागवार पीएम आवास, कृषि, उद्यानिकी, महिला एवं बाल विकास, स्वास्थ्य विभाग तथा अन्य विभागों की योजनाओं एवं प्रगति की बिंदुवार समीक्षा की गई। उन्होंने कहा कि सभी विभाग जनहित से जुड़ी योजनाओं और सेवाओं को सर्वोच्च प्राथमिकता में रखते हुए बेहतर तालमेल से कार्य करें, ताकि जिले में विकास कार्य और भी सुचारू रूप से आगे बढ़ सकें।

### केबल वायर चोर सहित खरीदार कबाड़ी गिरफ्तार

रूपये जप्त किया गया। पुलिस ने इस मामले में पृथक से धारा जोड़कर आरोपी उदय ढीमर पिता रूपनारायण उम्र 21 वर्ष आमापारा बनिया तालाबपार निवासी व मोहम्मद जैद खान पिता अब्दुल हकीम खान उम्र 20 वर्ष जालमपुर निवासी को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया है।

### तीन आरोपी पहले ही गिरफ्तार हो चुके हैं, नगरी पुलिस को मिली बड़ी सफलता

# चोरी का फरार मुख्य आरोपी गिरफ्तार 1.74 लाख रुपए की संपत्ति बरामद



हरिभूमि न्यूज ▶▶ नगरी

नगरी पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। 7 अक्टूबर 2025 को नगरी स्थित जैन मंदिर में आयोजित भक्ति कार्यक्रम के दौरान हुई चोरी के मामले में फरार चल रहे मुख्य आरोपी हितेश्वर मरकाम उर्फ प्रधान को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। इससे पहले पुलिस तीन अन्य आरोपियों तामेन्द्र यादव, पुष्पजीत खरे और लक्की गुप्ता को गिरफ्तार कर 1,74,000 रुपये मूल्य के नकदी, जेवर और चोरी की मोटरसाइकिल बरामद कर चुकी थी। घटना के दिन प्रार्थी मनोज कुमार जैन अपने परिवार के साथ रात 9:30 बजे घर में ताला लगाकर कार्यक्रम में गए थे। वापस लौटने पर उन्होंने गोदरेज अलमारी खुली पाई, जिसमें रखे 2,15,000 रुपये नकद और चांदी का करधन, पायल और सिक्का सहित कुल 2,65,000 रुपये मूल्य का सामान चोरी हो चुका था। नगरी पुलिस ने तत्काल अपराध दर्ज कर विवेचना शुरू की और लगातार तकनीकी एवं मुखबिर सूचना के आधार पर आरोपियों की तलाश जारी रखी। जांच में सबसे पहले आरोपी तामेन्द्र यादव को पकड़ा गया, जिसके पास से चांदी का करधन, आठ जोड़ी पायल, एक चांदी का सिक्का और 20,000 रुपये नकद बरामद हुए। आरोपी पुष्पजीत खरे से चोरी की रकम से खरीदी गई एचएफ डीलक्स मोटरसाइकिल जप्त की गई। तीसरे आरोपी लक्की गुप्ता के पास से 25,000 रुपये नकद बरामद हुए।

मुख्य आरोपी हितेश्वर मरकाम घटना के बाद फरार था। पुलिस लगातार उसकी तलाश कर रही थी। मुखबिर से सूचना मिली कि आरोपी नगरी बस स्टैंड में मौजूद है जिसके बाद पुलिस टीम ने उसे घेराबंदी कर धर दबोचा। पूछताछ में उसने वारदात में अपनी भूमिका स्वीकार की और बताया कि चोरी के 30,000 रुपये उसकी हिस्सेदारी में आए थे, जिन्हें उसने खर्च कर दिया। वारदात में प्रयुक्त मोटरसाइकिल स्प्लेंडर प्लस को भी आरोपी की निशानदेही पर जप्त किया गया। नगरी पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया है। सभी आरोपियों पर बीएनएस की धारा 331(4), 305 और 3(5) अंतर्गत कार्रवाई जारी है।

# नानी कल्याण विद्यालय में हुआ कराते बेल्ट टेस्ट



हरिभूमि न्यूज ▶▶ जीजामगांव

इंटरनेशनल गोसुकुरियो कराते द एसोसिशन ब्रांच सरबदा के नानी कल्याण विद्यालय में छात्र-छात्राओं का दो दिवसीय कराते बेल्ट एग्जाम हुआ जिसमे छात्रों द्वारा किक पंच काता फाइट का प्रदर्शन कर एग्जाम पास किया। एग्जामनर कराते प्रशिक्षक अब्दुल मोईम छग प्रमुख कोच, महिला प्रशिक्षक सोनाली कुशवाहा, बोल्क बेल्ट भुनेश्वर ठाकुर द्वारा छात्रों को शारीरिक मानसिक नैतिकता का प्रशिक्षण दिया गया। यह कार्यक्रम प्राचार्य एवं कराते प्रशिक्षक उषा गोस्वामी के मार्गदर्शन पर हुआ। हंशिका ध्रुव येलो बेल्ट, गरिमा ध्रुव येलो बेल्ट एवं खुशबू सिन्हा वेदांत पुरी, काव्या पुरी, गुतप्रेक्ष्य यादव, तेजल देवांगन, डोमेश्वरी यादव, भीगी यादव, उन्नति यादव, वर्षा साहू, ओमप्रकाश साहू, गगन गोस्वामी, लीलिमा साहू, गायत्री साहू ने आरेंज बेल्ट प्राप्त किया।

# गिरीश के ओबीसी विभाग के राष्ट्रीय समन्वयक बनने पर हर्ष



हरिभूमि न्यूज ▶▶ सांकरा(नगरी)

अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष मल्लिका अर्जुन खड़गे ने गिरीश देवांगन पूर्व अध्यक्ष खनिज विकास निगम, पूर्व प्रभारी महामंत्री पीसीसी को ओबीसी विभाग का राष्ट्रीय समन्वयक नियुक्त किया। इस नियुक्ति के बाद सिहावा विधानसभा के कांग्रेसियों ने गोटिया बाड़ा खरोरा निवास में उनसे मुलाकात की। कांग्रेसियों ने बताया कि गिरीश देवांगन छग कांग्रेस के अनुभवी नेता है। उनके अनुभव का लाभ मिलेगा।

राजेंद्र सोनी पूर्व मंडी अध्यक्ष नगरी, मनोज साक्षी पूर्व सदस्य जिला पंचायत, किशन गजेंद्र पूर्व उपाध्यक्ष युवक कांग्रेस, दुर्गेश कश्यप, पिंकी नितिन यदु, भरत लहरे, प्रेमनारायण सिन्हा सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस उपस्थित थे।

# रंगोली में श्वेता व पोस्टर स्पर्धा में वर्षा अव्वल






हरिभूमि न्यूज ▶▶ अंवरी

छत्तीसगढ़ महतारी महाविद्यालय भखारा में विश्व एड्स दिवस पर प्राचार्य डॉ शैलेंद्र साहू के मार्गदर्शन और कामताप्रसाद साहू कार्यक्रम अधिकारी रासेयो के निर्देश पर विभिन्न प्रतियोगिता आयोजित की गई।

एचआईवी एड्स दिवस पर रंगोली, निबंध व पोस्टर प्रतियोगिता हुई। रंगोली प्रतियोगिता में श्वेता शर्मा बीएससी तृतीय प्रथम, राजलक्ष्मी बीए तृतीय द्वितीय तथा रचना भारद्वाज बीएससी तृतीय रही। पोस्टर प्रतियोगिता में वर्षा साहू बीएससी तृतीय प्रथम, नंदिनी निषाद बीएससी तृतीय द्वितीय तथा उमेश्वरी यदु बीएससी तृतीय ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। निबंध प्रतियोगिता में प्रथम दीपिका साहू बीएससी तृतीय तथा द्वितीय प्रियंका साहू बीए तृतीय रही। दीप्ति साहू, देविका साहू, राजेश्वरी साहू आदि ने एचआईवी एड्स पर आधारित विभिन्न ध्यानाकर्षण चित्रों के माध्यम से सकारात्मक व जागरूकतापूर्ण संदेश दिया। कार्यक्रम में मानसिंह साहू, दिनेश कुमार साहू, प्रीति साहू, इतिबाला सोन, रेणु पटेल, युवराज साहू, संगीता साहू, किरण साहू व छात्र-छात्राओं का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

# घासीदास जयंती पर होगा सांस्कृतिक कार्यक्रम



हरिभूमि न्यूज ▶▶ नगरी

सतनामी समाज नगरी द्वारा इस वर्ष भी संत शिरोमणि बाबा गुरु घासीदास की 269वीं जयंती 18 दिसंबर को श्रद्धा और उत्साह के साथ मनाई जाएगी। नगर में विविध सांस्कृतिक एवं सामाजिक कार्यक्रम की रूपरेखा तैयार की जा रही है। वार्ड क्रमांक 13 नगर पंचायत नगरी में समाज द्वारा भव्य आयोजन की तैयारियां जोर-शोर से जारी है। बल्लू बंजारे, अनंत गायकवाड़, शिवनंद लहरे, दीपक ,पतिराम भारती सहित अनेक सदस्य कार्यक्रम की तैयारी में जुटे हुए हैं। 18 दिसंबर की रात्रि में राजाबाड़ा नगरी के पास श्रीराम जस झांकी नवागांव करैहा धमतरी का सांस्कृतिक कार्यक्रम होगा। यह जानकारी अध्यक्ष रूपबस्त मिर्चा ने दी है।

# छात्रों ने गीता के अनमोल वचनों का किया पाठ



हरिभूमि न्यूज ▶▶ धमतरी

■ खरेंगा स्कूल में गीता जयंती मनाई गई

शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय खरेंगा में गीता जयंती मनाई गई। इस अवसर पर छात्रों ने गीता श्लोक, गीता के अनमोल वचनों का पाठ किया। गीता के महत्व पर प्रकाश डाला। नंदकिशोर साहू नए प्राचार्य नियुक्त हुए। वर्तमान प्राचार्य श्रीमती अनीता वैद्य ने उनका स्वागत किया। कार्यक्रम के अतिथि देवेश सूर्यवंशी सहायक संचालक जिला धमतरी, कृपाशंकर मिश्रा अध्यक्ष पेंशनर संघ एवं नंदकिशोर साहू नवपदस्थ प्राचार्य थे। टिकेश्वर निषाद, रश्मि, वंदना, तुलेश्वरी, वैष्णवी ओमशंकर साहू, भेष कुमार साहू, भूमिका, खुशबू साहू ने गीता श्लोक प्रस्तुत किया। कार्यक्रम अधिकारी शेषनारायण गजेंद्र राष्ट्रीय सेवा योजना खरेंगा ने गीता के संदेश व महत्व की जानकारी दी। देवेश सूर्यवंशी, कृपाशंकरमिश्रा ने कहा कि भगवान कृष्ण ने गीता में कर्मयोग का ज्ञान दिया। हमें इसे जीवन में आत्मसात करना चाहिए। नंदकिशोर साहू ने कहा कि हम सब मिलकर विद्यालय के विकास में सहभागी बने। उन्होंने उच्चतम अंक लाने वाले छात्र-छात्राओं के लिए इनाम की घोषणा की। कार्यक्रम का संचालन थनेश्वर चक्रधारी एवं टामेश्वरी मानिकपुरी ने किया।

# करेठा में श्रीमद भागवत कथा जारी



हरिभूमि न्यूज ▶▶ धमतरी

ग्राम करेठा में जन कल्याण की भावना को लेकर 9 दिवसीय संगीतमय श्रीमद् भागवत ज्ञानयज्ञ सप्ताह का आयोजन किया गया है। प्रथम दिवस भागवत कथा कलश यात्रा से प्रारंभ हुआ इसमें गांव के लोग बड़ी संख्या में शामिल हुए। इस अवसर पर माता शीतला समिति के पदाधिकारी, नवयुवक दुर्गा उत्सव समिति के पदाधिकारी, सभी सर्व समाज प्रमुख पदाधिकारी, महिला प्रमुख, सभी महिला समूह आयोजन में जुटे हुए हैं। परीक्षित परिवार के रूप में कुमूनती नंदकुमार यादव एवं ग्रामीण कथा वाचक पंडित संदीप तिवारी भटगांव वाले के मुखारविंद से कथा का रसपान कर रहे हैं। समस्त ग्रामवासियों ने इस श्रीमद् भागवत ज्ञानयज्ञ सप्ताह में समस्त श्रद्धालुओं से उपस्थिति की अपील की है।

# गिरौद के प्रधानपाठक ने फर्श पर गणित खेल पार्क नवाचार किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मगरलोड



शासकीय प्राथमिक शाला गिरौद के प्रधान पाठक चंद्रशेखर सेन द्वारा विद्यालय परिसर में स्थित बेजान पड़े फर्श (फ्लोरिंग ) को सुन्दर एवं शैक्षिक वातावरण प्रदान करते हुए स्वयं के पेंट से ,गणित खेल पार्क का निर्माण किया गया है। गणितीय अवधारणाओं के साथ खेल को भी रेखांकित किया गया है। बिंदु, किरण, रेखा, रेखाखंड, कोण एवं त्रिभुज के प्रकार, वृत्त के सभी भागों, स्थानीयमान द्वारा संख्या की पक्की पहचान, घड़ी का निर्माण कर समय का ज्ञान खेल खेल में किया जा रहा है। फल्ली, पिट्ठूल, बिल्लस खेल भी बनाया गया है। बच्चे अपने आसपास गणितीय रूपों को देखकर उत्साहित हैं साथ ही कक्षा के अंदर कोण,त्रिभुज, वर्ग, आयत, पासा, डमरू, तिग्गा खेलों को भी बनाया गया है जिससे बच्चे खाली समय में भी सीख रहे है। कक्षा के छत पर आकर्षक सौर मण्डल की पेंटिंग को बच्चों के साथ पालक भी पसंद कर रहे है। प्रधान पाठक द्वारा नवोदय, गणित -विज्ञान प्रतियोगिता, प्रार्थना सभा को रोचक बनाने, पहाड़े, पठन कौशल, रचनात्मक लेखन, प्रोजेक्ट कार्य पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। इस कार्य में शिक्षक माखन लाल साहू एवं कमल नारायण निषाद विशेष सहयोग प्रदान कर रहे हैं।



# बानगर में चना फसल का हुआ प्रयोगात्मक प्रदर्शन

■ 10 डिसमिल क्षेत्र में बीज उपचार कर चना फसल की बुवाई की गई

हरिभूमि न्यूज ▶▶ धमतरी

आरएडब्ल्यूई कार्यक्रम अंतर्गत कृषि महाविद्यालय एवं अनुसंधान केंद्र कुरूद के चतुर्थ वर्ष के विद्यार्थियों द्वारा ग्राम बानगर में 10 डिसमिल क्षेत्र में चना फसल का प्रयोगात्मक प्लॉट आधारित प्रदर्शन सफलतापूर्वक आयोजित किया गया। इस वैज्ञानिक फील्ड-एक्सपेरिमेंट का मुख्य उद्देश्य किसानों को चना फसल में विभिन्न जैविक एवं रासायनिक बीज उपचार तकनीकों के अंतर एवं प्रभावों से अवगत कराना था। प्रयोग के लिए कुल 10 डिसमिल क्षेत्र को 8 प्लॉट्स में विभाजित कर प्रत्येक प्लॉट में अलग-अलग प्रकार से बीज उपचार कर चना फसल की बुवाई की गई। इन प्लॉट्स में ट्राइकोडर्मा, बेसिलस आधारित जैव-उपचार, राइजोबियम, थियोफेनेट मिथाइल, स्युडोमोनास फ्रुलोसेनट, पारंपरिक "बीजामृत" तथा नियंत्रण (बिना उपचार) शामिल थे। इन विविध तकनीकों से उपचारित बीजों के अंकुरण प्रतिशत, पौधों की बढ़वार, रोग-नियंत्रण क्षमता एवं समग्र फसल प्रदर्शन का तुलनात्मक अध्ययन किया गया। इस प्रयोग से किसानों को बीज उपचार की वैज्ञानिक आवश्यकता, रोग-नियंत्रण में जैविक एवं रासायनिक उपचारों की उपयोगिता, तथा नियंत्रण एवं उपचारित प्लॉट्स के बीच स्पष्ट अंतर को प्रत्यक्ष रूप से समझने का अवसर मिला। यह कार्यक्रम कृषि महाविद्यालय एवं अनुसंधान केंद्र कुरूद के अधिष्ठाता डॉ. नवनीत राणा के मार्गदर्शन, डॉ. भूमिका हत्गिया कार्यक्रम समन्वयक के निर्देशन तथा विनोद मरकाम एवं डॉ. हरीश कुंवर के सहयोग से हुआ।

### ब्रम्हाकुमारी संस्थान ने आयोजित किया शैक्षणिक और आध्यात्मिक कार्यक्रम

# 400 से अधिक छात्र-छात्राओं ने सीखा मेडिटेशन तथा राजयोग का मूलमंत्र



हरिभूमि न्यूज ▶▶ नगरी

प्रजापिता ब्रम्हाकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय सेवा केंद्र नगरी द्वारा विभिन्न विद्यालयों, कैंप एवं आवासीय विद्यालयों में तीन दिवसीय प्रेरणादायी शैक्षणिक और आध्यात्मिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान 400 से अधिक छात्र-छात्राओं को मोटिवेशनल स्पीच, मेडिटेशन तथा राजयोग के मूलमंत्र प्रदान किए गए। परीक्षा की प्रभावी तैयारी, शिक्षा का जीवन में महत्व और सकारात्मक सोच विकसित करने संबंधी उपयोगी सुझाव दिए गए।

कार्यक्रम का आयोजन एनएसएस कैंप आमगांव, आत्मानंद एक्सीलेंट इंग्लिश मीडियम स्कूल नगरी, शासकीय प्राथमिक शाला घोटगावं, कन्या आश्रम घोटगांव तथा शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय गट्टासिल्ली में किया गया जहां विद्यार्थियों को परीक्षा के भय पर काबू पाने, एकाग्रता बढ़ाने, मूल्य आधारित शिक्षा और व्यक्तित्व विकास जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर मार्गदर्शन दिया गया। छात्र-छात्राओं को संबोधित करते हुए राजयोगिनी बीके बहन ने कहा कि शिक्षा तभी पूर्ण है जब उसमें नैतिकता और मूल्य जुड़े हों। जीवन की सफलता के लिए एकाग्रता आवश्यक है। एकाग्रता, ध्यान एवं परमात्म स्मृति से प्राप्त होते हैं। बीके आत्माराम ने कहा कि परमपिता परमात्मा को स्मरण करने से जीवन की हर परीक्षा में सफलता मिलती है। उन्होंने चार्ट के माध्यम से ईश्वरीय ज्ञान का वर्णन किया। कार्यक्रम में बीके भावना, बीके आत्माराम, बीके कमलेश्वरी सहित विद्यालय की प्राचार्य कंचन सूर्यवंशी व संस्थान के सदस्यों का योगदान रहा।

Pride of Dhamtari

अंशु ट्रेडर्स एंड हार्डवेयर
SAGAR TMT
यहां रेट पूछताछ जरूर कर लेवें
प्रो. देवनारायण साहू, मौरीकला (कुरूद), जिला–धमतरी मो. 9301661519
कुरूद/नवापारा/ अभनपुर से भी कम दाम पर उपलब्ध
हमारे यहां सभी प्रकार के सीमेंट और छड़ (सरिया) उपलब्ध है
जैसे – अल्ट्राटेक, जेके लक्ष्मी, श्री सीमेंट, इयुरागार्ड सीमेंट, छड़ (सरिया) उपलब्ध है

विज्ञापन के लिए संपर्क करें :- हरिभूमि
धमतरी - 98261-14710, 75873-71999, कुरूद - 98268-82770, नगरी -75818-01429
मगरलोड - 97526-17534, सिर्री - 99261-66875, जीजामगांव - 95754-57523, अंवरी-97535-23373
राजधानी मार्ग, मसीही चिकित्सालय के सामने, धमतरी फोन : 07722-357201

## खबर संक्षेप



### जर्जर सड़क को लेकर 5 को पदयात्रा और घेराव

**दुर्गूकोंदल।** कोदापाखा से दुर्गूकोंदल तक की सड़क की अत्यंत खराब स्थिति को लेकर क्षेत्रवासी अब आंदोलन के लिए बाध्य हो चुके हैं। इसी क्रम में 05 शुक्रवार को ग्रामीणों द्वारा पदयात्रा कर तहसील कार्यालय घेराव एवं ज्ञापन सौंपा जाएगा। ग्रामीणों ने बताया कि पिछले ढाई वर्षों से इस मार्ग की स्थिति जर्जर बनी हुई है। लगातार दो वर्षों से सड़क मरम्मत की मांग के बावजूद शासन-प्रशासन द्वारा अब तक कोई कार्य नहीं कराया गया है। ज्ञापन सौंपने वालों में मुकेश गावड़े, दीपक कल्लो, विजय कोमरा, संजय मरकाम, नंदकुमार नेताम, भवेश नेताम, अमन नरेटी, नितेन्द्र, राकेश सहित ग्रामीण शामिल थे।

### अमोड़ी संकुल में आज से शालेय बाल क्रीड़ा स्पर्धा

**दुर्गुकोंदल।** संकुल स्तरीय शालेय बाल क्रीड़ा प्रतियोगिता का आयोजन संकुल केंद्र अमोड़ी के अधीन आने वाले विद्यालयों के लिए 04 दिसंबर को बड़े उत्साह के साथ किया जा रहा है। प्रतियोगिता का शुभारंभ शासकीय प्राथमिक शाला रंगापारा एवं शासकीय प्राथमिक शाला जेठेगांव के संयुक्त प्रांगण में आयोजित होगा। इस अवसर पर कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सरपंच उमेश कुमार पोटाई, कार्यक्रम की अध्यक्षता संकुल प्राचार्य कृष्णकुमार मंडावी करेंगे।

### एनएसएस शिविर में हुआ पत्रकारिता पर प्रेरक सत्र



**भानुप्रतापपुर।** शासकीय उमावि भानबेड़ा के सात दिवसीय एनएसएस शिविर में बुधवार को पत्रकारिता विषय पर बौद्धिक सत्र आयोजित हुआ। इसमें महर्षि वाल्मीकि स्नातकोत्तर महाविद्यालय भानुप्रतापपुर के पत्रकारिता विभागाध्यक्ष श्रीदाम ढाली मुख्य वक्ता रहे। मुख्य वक्ता ने पत्रकारिता को समाज का दर्पण बताते हुए कहा कि सूचना शक्ति है और पत्रकार उसका संरक्षक। उन्होंने बीए पत्रकारिता एवं जनसंचार पाठ्यक्रम के विषयों प्रिंट, इलेक्ट्रॉनिक, डिजिटल मीडिया, संपादन, फोटो पत्रकारिता, जनसंपर्क, विज्ञापन और मीडिया नैतिकता की जानकारी दी। उन्होने कहा कि आधुनिक पत्रकारिता डिजिटल प्लेटफॉर्म तक फैल चुकी है, जहाँ युवाओं के लिए व्यापक कैरियर अवसर उपलब्ध हैं। उन्होंने जिज्ञासा, सत्यनिष्ठा, संवेदनशीलता और भाषा पर पकड़ को एक अच्छे पत्रकार की मूल विशेषताएँ बताया। एनएसएस और पत्रकारिता को समाज सेवा से जुड़ा बताते हुए उन्होंने स्वयंसेवकों के प्रश्नों का समाधान भी किया। अंत में कार्यक्रम अधिकारी रवि प्रकाश लोह सिंह ने आभार व्यक्त किया। शिविर में स्वयंसेवक एवं स्वयंसेविकाएं उपस्थित रहे।

### एड्स से बचने जागरूकता जरूरी

**सुकमा।** विश्व एड्स दिवस के अवसर पर शासकीय नवीन महाविद्यालय कोण्टा में जनजागरूकता कार्यक्रम एवं शपथ ग्रहण का आयोजन हुआ। यह कार्यक्रम एचआईवी, एड्स के प्रति जागरूकता बढ़ाने, संक्रमित व्यक्तियों को सहयोग देने तथा इस बीमारी से खोए गए अमूल्य जीवन को श्रद्धांजलि अर्पित करने के उद्देश्य से किया गया।

### साल्हे में एनएसएस का सात दिवसीय विशेष शिविर जारी

**भानुप्रतापपुर।** शासकीय उमावि साल्हे की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा गोद ग्राम ठेकाडोडा में 01 दिसंबर से शुरू हुए एनएसएस शिविर 7 दिसंबर तक चलेगा। शिविर की शुरुआत के पहले दो दिनों में स्वयंसेवकों ने ग्राम पटेल, ग्राम गायता एवं ग्राम प्रमुख के मार्गदर्शन में गांव के विभिन्न गली-मोहल्लों में स्वच्छता अभियान चलाया। स्वयंसेवकों ने कार्ययोजना के अंतर्गत गांव के प्राथमिक शाला परिसर में बच्चों के लिए स्कूल मैदान का निर्माण कर महत्वपूर्ण योगदान दिया।

---

पराली जलाने से बाज नहीं आ रहे क्षेत्र के किसान

# खेतों में धधक रही आग, धुएं से वातावरण प्रदूषित

हरिभूमि न्यूज ⏭ नगरी

नगरी क्षेत्र में इन दिनों खरीफ फसल की कटाई-मिंजाई का कार्य संपन्न होने जा रहा है। खेतों में हार्वेस्टर से धान की मिंजाई की गई है साथ ही किसान खेतों में बची पराली (फसल अवशेष) को आग के हवाले कर रहे हैं। ग्रामीण इलाकों में कई स्थानों पर सड़क किनारे धधकती पराली व उठते धुएं के गुबार साफ नजर आ रहे हैं, जिससे वातावरण प्रदूषित हो रहा है और रोड पर आने जाने वाले लोगों को प्रदूषण से परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

पूर्ववर्ती कांग्रेस शासनकाल में गांवों में संचालित गौठानों में पशुओं हेतु चारा व्यवस्था के लिए किसानों द्वारा बड़ी मात्रा में पैरादान किया जाता था। इससे पराली जलाने की घटनाएं कम होती थीं। वर्तमान भाजपा सरकार में गौठान गतिविधियां ठप होने से पैरा दान की परंपरा भी प्रभावित हुई है, जिसके चलते खेतों में पराली जलाने की



बेलरगांव रोड



सिहावा गांव रोड

प्रवृत्ति बढ़ी है।

विभागीय अधिकारियों को किसानों को पराली न जलाने के लिए जागरूक करने तथा वैकल्पिक उपयोग जैसे कम्पोस्ट निर्माण, मल्चर उपयोग, पशु आहार आदि के संबंध में मार्गदर्शन देने के निर्देश नहीं दिए जा रहे। विभाग की उदासीनता के कारण न तो गांवों में जागरूकता अभियान चलाया गया और न ही किसी प्रकार की ठोस कार्रवाई दिखाई दी।

फरसियां, अमाली, सांकरा, घटुला, उमरगांव, सिहावा, गढ़डोंगरी, बेलर, सेमरा, आमगांव, भुरसीडोंगरी, घोटगांव, बिरगुड़ी और डोगरडुला, चमेंदा सहित कई गांवों में खेतों में पराली जलाने की घटनाएं सामने आ रही हैं। जगह-जगह उठता घना धुआं न केवल राहगीरों के लिए परेशानी का कारण बन रहा है, बल्कि वातावरण को भी गंभीर रूप से प्रदूषित कर रहा है। कुछ किसानों का कहना है कि समयाभाव, खेतों की सफाई तथा अगली फसल की तैयारी के कारण में पराली जलाने दिखाई दे रहा है। ग्रामीणों का कहना है कि प्रशासन और कृषि विभाग यदि समय रहते गांव-गांव जाकर पराली प्रबंधन की जानकारी दें तथा आवश्यक साधन उपलब्ध कराएं, तो पर्यावरण प्रदूषण को रोका जा सकता है और मिट्टी की उर्वरता भी सुरक्षित रह सकती है।

#### पूर्ववर्ती सरकार में गौठानों को पैरादान



जनपद सदस्य प्रमोद कुंजाम ने कहा कि हमारी पूर्ववर्ती सरकार में गौठानों के माध्यम से पशुओं हेतु पैरादान लिया जाता था, जिससे किसान पराली नहीं जलाते थे। वर्तमान में न तो किसानों को उचित जानकारी दी जा रही है और न ही कोई प्रभावी कार्रवाई हो रही है, जिसके कारण पराली जलाने की घटनाएं बढ़ रही हैं। इस संबंध में कृषि विभाग के अधिकारी ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्र में खेतों में पैरा जलाने जानकारी मिली है। राजस्व विभाग द्वारा कार्रवाई की जायेगी।

---

## टोकन तुंहर हाथ ऐप से लाइन लगाने से मिली मुक्ति

- घर बैठे ही कुछ ही मिनटों में कट रहे ऑनलाइन टोकन

हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी



तकनीक और पारदर्शी प्रशासन का प्रभाव जब जमीन पर दिखता है, तब उससे सबसे अधिक लाभ आमजन को मिलता है। भटगांव के किसान भागीरथी साहू इसका सशक्त उदाहरण है। परंपरागत रूप से किसानों को धान विक्रय के समय लंबी लाइन लगानी पड़ती थी, कई बार असुविधाओं और समय की बर्बादी का सामना करना पड़ता था। परंतु इस वर्ष राज्य सरकार द्वारा लागू "टोकन तुंहर हाथ" मोबाइल ऐप ने उनकी पूरी प्रक्रिया बदल दी।

श्री साहू ने घर बैठे ही कुछ ही मिनटों में ऑनलाइन टोकन प्राप्त किया। न कोई भीड़ न कोई प्रतीक्षा सिर्फ मोबाइल पर कुछ क्लिक और प्रक्रिया पूरी। वे बताते हैं कि व्यवस्था पूरी तरह सरल, पारदर्शी और सुविधाजनक है। टोकन भी आसानी से कट गया और धान बेचने में बिल्कुल भी दिक्कत नहीं आई। इस बार उन्होंने सहकारी समिति केंद्र सोरम में 20 क्विंटल 60 किलो धान खरीदी केंद्र में विक्रय किया। पिछले वर्ष भी उन्होंने लगभग इतनी ही मात्रा में धान बेचा था। प्राप्त राशि का उपयोग वे घर-गृहस्थी और खेती-किसानी की उन्नति में करते हैं। सरकार की ओर से तकनीक आधारित समाधान का उद्देश्य किसानों को समय, ऊर्जा और संसाधनों की बचत कराना है। ऐप के माध्यम से टोकन प्राप्त करने की प्रक्रिया पूरी तरह पारदर्शी है श्री साहू जैसे किसान न केवल इस व्यवस्था से लाभान्वित हो रहे हैं, बल्कि वे अपने गांव के अन्य किसानों को भी ऐप का उपयोग करने प्रोत्साहित कर रहे हैं। आधुनिक तकनीक और सुशासन का यह संयोजन ग्रामीण जीवन में सकारात्मक बदलाव ला रहा है।

---

## कंडेल कॉलेज में एड्स दिवस पर हुई पोस्टर-रंगोली स्पर्धा



हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी

शासकीय नवीन महाविद्यालय कंडेल में विश्व एड्स दिवस पर जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के डॉ. हीरालाल कुर्रे ने एड्स के संबंध में जानकारी देते हुए कहा कि यह एक लाइलाज बीमारी है जिसे केवल फैलने से रोका जा सकता है। महाविद्यालय में पोस्टर एवं रंगोली प्रतियोगिता हुई।

पोस्टर प्रतियोगिता में छात्र-छात्राओं ने एड्स की रोकथाम से संबंधित विभिन्न चित्रकला को प्रदर्शित किया। रंगोली प्रतियोगिता में एड्स संबंधित विभिन्न गतिविधियों का चित्रात्मक प्रदर्शन किया गया। संस्था प्रमुख प्रो रविशदास ने कहा कि एड्स जैसी बीमारी के संबंध में समाज को जागरूक होना बेहद आवश्यक है। संजय पवार ने कहा कि युवा शक्ति देश की अमूल्य पूंजी है। युवाओं को इस विषय पर जानकारी होना आवश्यक है। कार्यक्रम का संचालन पीतांबर सिन्हा कार्यक्रम अधिकारी ने किया। मौके पर सहायक प्राध्यापक लक्ष्मीनारायण सिन्हा, लक्ष्मण सेन, संजय पवार, कमलेश दिवान, नूतन दीवान, अतिथि व्याख्याता डॉ ऋचा शुक्ला, डॉ संगीता गोयल, मानूनारायण सारथी, टिकेंद्र वर्मा, सुश्री दीक्षा सोम, सुश्री सविता लहरे, राधिका साहू, टिकेश्वर साहू सहित बड़ी संख्या में विद्यार्थियों की उपस्थिति रही।

## बेलौदी में वाटरशेड महोत्सव का आयोजन

**धमतरी।** लोगों को जल संरक्षण अभियान से जोड़ने के लिए प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना-जलग्रहण विकास घटक 2.0 के अंतर्गत मगरलोड क्षेत्र में जलग्रहण समिति बेलौदी द्वारा वाटरशेड महोत्सव का आयोजन किया गया। इस दौरान स्कूली विद्यार्थियों ने संरक्षण के लिए प्रभात फेरी निकाली। रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। विद्यार्थियों ने पानी की पाठशाला नामक नाटक का मंचन किया। भारत सरकार के ग्रामीण विकास मंत्रालय एवं भूमि संसाधन विभाग द्वारा संचालित यह फ्लैगशिप योजना जल एवं मृदा संरक्षण को सुदृढ़ करने, कृषि को बढ़ावा देने और ग्रामीण समुदायों में जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से क्रियान्वित की जा रही है। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जनपद अध्यक्ष मगरलोड वीरेंद्र कुमार साहू ने जल एवं मृदा संरक्षण के लिए फसल चक्र परिवर्तन अपनाने पर जोर देते हुए उपस्थित ग्रामीणों से पानी को बचाने और व्यापक वृक्षारोपण करने की अपील की। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए जिला पंचायत धमतरी की सहकारिता एवं उद्योग सभापति मीना साहू ने कहा कि जल संरक्षण की शुरुआत प्रत्येक घर से होनी चाहिए। जपं मगरलोड के कृषि सभापति राजेश साहू ने जल की प्रत्येक बूंद को बचाने और आने वाली पीढ़ियों के लिए सुरक्षित रखने पर बल दिया।

## आईडब्ल्यूपीएल में महिलाओं ने दिखाई प्रतिभा



हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी

इनरव्हील क्लब द्वारा 30 नवम्बर को आयोजित इनरव्हील प्रीमियर लीग (आईडब्ल्यूपीएल) उत्साह, जोश और खेल भावना से सराबोर रहा। रायपुर, दुर्ग, भिलाई तथा बिलासपुर की टीमों ने भाग लिया।

धमतरी क्लब की टीम का नेतृत्व बिजल मेहता ने किया। टीम में प्रिया पंजवानी, अल्का जैन, हेमल दोशी, रिंकी अग्रवाल, शिल्पी खंडेलवाल, जागृति गोयल, पम्मी खालसा, कृष्णा अग्रवाल, कोमल अग्रवाल तथा कामना जैन शामिल रहीं।

कार्यक्रम परियोजना निदेशक नीलम महावर, चार्टर सचिव सरोज जायसवाल तथा टीम प्रमुख बिजल मेहता के दिशा-निर्देशन में हुआ। कामेंट्री पिंकी खंडेलवाल और हेमल दोशी ने की। निर्णायक की भूमिका जागृति दोशी व रश्मि श्रीवास्तव ने निभाई। स्कोरर पूनम मित्तल और अनीता मित्तल थे। मनोरंजन की जिम्मेदारी ऋतु लुनावत एवं दिशा महावर ने संभाली। तांबोला (हाउजी) का संचालन जागृति दोशी, पायल गोयल और रश्मि श्रीवास्तव ने किया। पंजीकरण कार्य तारा झंवर एवं दिशा महावर ने किया। कार्यक्रम के दौरान एक जरूरतमंद लड़की को सिलाई मशीन प्रदान की गई। इस आयोजन में अध्यक्ष सुधा अग्रवाल ,सचिव नेहा लाठ, कोषाध्यक्ष तारा झंवर, अंतर-संबंध अधिकारी ज्योति गोयल तथा श्रुति अग्रवाल का योगदान रहा। कार्यक्रम में रमा अग्रवाल, माला महावर, हमीदा रोकड़िया, ईला मेहता, ममता लुंकड़, रूपल जैन सहित कई सदस्य उपस्थित थीं। यह जानकारी मीडिया प्रभारी श्रुति अग्रवाल ने दी।

## कुर्रा में हुआ सात दिवसीय एनएसएस शिविर का समापन





हरिभूमि न्यूज ⏭ अंवरी

शा उ मा विद्यालय भाठागांव के द्वारा 24 नवम्बर से 30 नवम्बर तक राष्ट्रीय सेवा योजना का विशेष ग्रामीण शिविर ग्राम कुर्रा में लगाया गया था जिसमें हायर सेकण्डरी विद्यालय भाठागांव के 50 विद्यार्थी सम्मिलित हुए। स्वयंसेवकों द्वारा जनजागरण, गाँव के सड़कों की सफाई, तालाबों व हैण्डपम्पों तथा वृक्षारोपण जैसी महती कार्यों को सम्पादित किया गया। जिसका समापन समारोह 30 नवम्बर को रात्रिकालीन सांस्कृतिक कार्यक्रम के माध्यम से सभापति जनपद पंचायत कुरूद श्रीमती सिंधु बैस, सरपंच कुर्रा धर्मिन डोमेश यादव, ग्राम- प्रमुख जमाल खान के आतिथ्य में सम्पन्न हुआ। समापन समारोह में पूरे कुर्रा वासियों द्वारा विद्यार्थियों की सेवा कार्य की भूरी-भूरी प्रशंसा की गई। पूरे शिविर का संचालन हरीश देवांगन कार्यक्रम अधिकारी व मेनका निषाद सहायक कार्यक्रम अधिकारी ने किया तथा ममता रानी वारदे व मोनिका देवांगन का विशेष सहयोग रहा।

## अजय ने दिव्यांगजनों को व्हीलचेयर, ट्राइसाइकिल, श्रवण यंत्र वितरित किए

- दिव्यांगजन दिवस पर श्रवण बाधितार्थ बालिका विद्यालय में हुआ कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी



अंतर्राष्ट्रीय दिव्यांगजन दिवस पर समाज कल्याण विभाग द्वारा शासकीय श्रवण बाधितार्थ बालिका विद्यालय में एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि विधायक कुरूद अजय चंद्राकर ने जरूरतमंद दिव्यांगजनों को व्हीलचेयर, ट्राइसाइकिल एवं श्रवण यंत्र का वितरण किया। उन्होंने कहा कि समाज की मुख्य धारा से वंचित व्यक्तियों को सम्मानजनक स्थान दिलाना सभी का दायित्व है। ईश्वर यदि किसी क्षमता में कमी करता है तो दूसरी क्षमता जोड़कर उस व्यक्ति को विशेष बनाता है। विधायक श्री चंद्राकर ने बताया कि दिव्यांगजनों के हित में शासकीय कार्यालयों में रैंप निर्माण, रोजगार के अवसरों का विस्तार और नियुक्तियों में प्राथमिकता दी जा रही है। उन्होंने सभी से बुजुर्गों और दिव्यांग बच्चों की सहायता हेतु आगे आने तथा उचित प्रशिक्षण देकर उन्हें आत्मनिर्भर बनाने की अपील की। उन्होंने उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले बच्चों को पुरस्कृत कर उत्साहवर्धन भी किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला पंचायत सभापति श्रीमती मोनिका देवांगन ने की। उन्होंने कहा कि दिव्यांगजनों के सशक्तिकरण के लिए समाज कल्याण विभाग द्वारा किए जा रहे प्रयास सराहनीय हैं। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा दिव्यांगजन नामकरण की पहल के लिए आभार व्यक्त किया तथा कहा कि विभाग यह सुनिश्चित करे कि शासन की सभी योजनाओं का लाभ योग्य हितग्राहियों तक पहुंचे। इस अवसर पर जनपद अध्यक्ष श्रीमती अंगिरा ध्रुव, राजेंद्र शर्मा, राकेश साहू, चेतन हिंदूजा, डिप्टी कलेक्टर श्रीमती कल्पना ध्रुव, उपसंचालक समाज कल्याण डॉ. मनीषा पांडे सहित बड़ी संख्या में अधिकारी, शिक्षक-शिक्षिकाएं तथा दिव्यांगजन उपस्थित रहे।

## नगर साहू समाज नगरी ने की भक्त माता कर्मा की आरती

**नगरी।** भक्त माँ कर्मा की आरती नगर साहू समाज के पदाधिकारियों एवं सदस्यों द्वारा कर्मा सामुदायिक भवन नगरी में किया गया, जिसमें महिला प्रकोष्ठ परिक्षेत्र साहू समाज पार्षद नगर पंचायत नगरी, रूपेंद्र साहू अध्यक्ष व्यापारी प्रकोष्ठ, ज्वाला प्रसाद साहू उपाध्यक्ष, संतोष साहू सचिव, हरीश सार्वा सहसचिव, नोहर साहू महासभा सदस्य, विनय साहू अध्यक्ष कर्मा सामुदायिक भवन, महेंद्र साहू सचिव, कुंती साहू महासभा सदस्य, उधो साहू पूर्व उपाध्यक्ष नगर साहू समाज, मदन साहू पांघर प्रमुख, त्रिलोक साहू पांघर प्रमुख, डिंकी साहू एवं प्रियंका साहू उपस्थित थे।

## मां शीतला की पूजा-अर्चना कर क्षेत्र की समृद्धि मांगी



- विधायक ओंकार ग्राम बारगरी में आयोजित मड़ई मेले में हुए शामिल

हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी

डुबान प्रभावित ग्राम बारगारी में आयोजित पारंपरिक मड़ई मेले में विधायक ओंकार साहू शामिल हुए। विधायक श्री साहू ग्रामीणों से आत्मीय मुलाकात कर उनके रीति-रिवाज, पारंपरिक संस्कृति और ग्राम की विशिष्ट मान्यताओं से रूबरू हुए। उन्होंने माता शीतला की विधिवत पूजा-अर्चना की तथा संपूर्ण डुबान क्षेत्र की सुख-समृद्धि, शांति और उन्नति की कामना की।

विधायक साहू ने ग्रामीणों से डुबान क्षेत्र में आने वाली समस्याओं और आवश्यकताओं पर विस्तार से चर्चा की तथा कहा कि क्षेत्र के विकास, जनसुविधाओं में सुधार और आवश्यक कार्यों के लिए सरकार व प्रशासन से हरसंभव सहयोग दिलाने का प्रयास निरंतर जारी रहेगा।

ग्रामीणों का उत्साह, उनकी परंपराएं और सामूहिक एकता इस क्षेत्र की सबसे बड़ी शक्ति है, और इन्हें संरक्षित रखना हम सबकी जिम्मेदारी है। मौके पर जोन अध्यक्ष तानाजी राव रणसिंह, सत्यवान ध्रुव, रमेश कौशिक, तिलक निषाद, बालसिंग पटेल, पारसमणि साहू, धर्मेंद्र पटेल, हिमांशु साहू समेत बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।

---

वनमंत्री ने किया नवीन वनमंडल कार्यालय का लोकार्पण, वन प्रबंधन समितियों का सम्मेलन भी हुआ

# वन मात्र संसाधन नहीं, बल्कि हमारी सांस्कृतिक धरोहर है : केदार

हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी



नवीन वनमण्डल कार्यालय का लोकार्पण एवं वन प्रबंधन समितियों का सम्मेलन हुआ। मुख्य अतिथि वन मंत्री केदार कश्यप व अतिविशिष्ट अतिथि सांसद, महासमुंद रूपकुमारी चौधरी, सिहावा विधायक श्रीमती अम्बिका मरकाम, धमतरी विधायक ओंकार साहू, महापौर रामू रोहरा व स्थानीय स्वास्थ्य परंपरा एवं औषधि पादप बोर्ड के अध्यक्ष विकास मरकाम थे ।

कार्यक्रम की शुरुआत एक पेड़ मां के नाम अंतर्गत मुख्य अतिथि एवं अन्य अतिथियों द्वारा पौधा रोपण से हुई। इसके बाद धमतरी स्थित नवीन वनमण्डल कार्यालय भवन का लोकार्पण किया गया। लगभग 1.14 करोड़ रुपए की लागत से निर्मित यह भवन आधुनिक सुविधाओं से सुसज्जित है, जिसमें वन मंडल के सभी अधिकारी एवं कर्मचारियों के लिए सुव्यवस्थित कक्ष, बैठक कक्ष और प्रशासनिक सुविधाएं उपलब्ध हैं। मंत्री श्री कश्यप ने 3 करोड़ से अधिक राशि के जिले की 32 संयुक्त वन प्रबंधन समितियों को वार्षिक कार्य योजना विभिन्न कार्य की स्वीकृति पत्र वितरित किए। वन मंत्री ने कहा कि धमतरी जिला प्राकृतिक संपदाओं से समृद्ध है और वन संरक्षण में यहां की परंपराएं तथा जनभागीदारी हमेशा महत्वपूर्ण रही है। वन मात्र संसाधन नहीं, बल्कि हमारी सांस्कृतिक धरोहर और आने वाली पीढ़ियों के लिए अमूल्य विरासत है। राज्य सरकार वन संरक्षण, जैव विविधता संवर्धन तथा वनों पर निर्भर समुदायों के सशक्तिकरण के लिए प्रतिबद्ध है।

वन मंत्री ने आगे कहा कि वन हमारे जीवन का आधार है। प्रभु राम का गमन पथ रहा है। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय भी लगातार काम कर रहे है और तेंदूपत्ता संग्राहकों को वास्तविक क़ीमत देने का काम कर रहे हैं।

सांसद श्रीमती रूपकुमारी चौधरी ने कहा कि जिले में वन विभाग द्वारा किए जा रहे कार्य सराहनीय और प्रेरणादायी हैं। वन विभाग ने न सिर्फ जंगलों की सुरक्षा को मजबूत किया है बल्कि संयुक्त वन प्रबंधन समितियों के माध्यम से स्थानीय लोगों को निर्णय प्रक्रिया में शामिल कर उन्हें आर्थिक रूप से भी सशक्त बनाया है। प्रधान मुख्य वन संरक्षक व्ही श्रीनिवास राव और वन मंडलाधिकारी श्रीकृष्ण जाधव ने प्रतिवेदन प्रस्तुत करते हुए वन विभाग के कार्यों और उपलब्धियां बताई।

## मधुबन धाम में एक पेड़ मां के नाम रोपे गए

**मगरलोड।** मधुबन में एक पेंड़ मां के नाम 2 दिसंबर को रजत जयंती पर्व के अवसर पर उत्तर सिंगपुर वन परिक्षेत्र के अंतर्गत मधुबन धाम रांकाडीह में वृक्षारोपण का आयोजना किया गया। जिसके तहत मधुबन धाम रांकाडीह में कृष्ण तालाब के पास एवं तालाब मेंढ़ में विभिन्न प्रजाति के कुल 40 नग पौधों का रोपण कर रजत जयंती पर्व मनाया गया। उक्त कार्यक्रम में मुख्य अतिथि विरेन्द्र साहू जनपद अध्यक्ष मगरलोड, विशिष्ट अतिथि श्रीमति तिलोत्तमा साहू वन सभापति ज.पं. मगरलोड, भोजराम साहू सरपंच ग्राम पंचायत रांकाडीह एवं अन्य गणमान्य नागरिक तथा समस्त वन कर्मचारी उत्तर सिंगपुर परिक्षेत्र उपस्थित थे।

## बुजुर्ग की हुई मौत कारण अज्ञात

**कांकेर।** दुधावा चौकी अंतर्गत धनोरा के पास 2 दिसंबर को दोपहर ढाई बजें अज्ञात कारणों के चलते दुधावा चौकी निवासी 65 वर्षीय मन्नु मरकाम का मौत हो गया। दुधावा निवासी 45 वर्षीय पवन मरकाम ने पुलिस को बताया कि मृतक का मौत अज्ञात कारणों से हुआ है। पुलिस द्वारा मर्ग कायम कर विवेचना में लिया गया।

## इलाज के दौरान हुई मौत, विवेचना जारी

**कांकेर।** दुर्गुकोंदल अंतर्गत घोटिया निवासी 36 वर्षीय लीलाबाई तारम का इलाज के दौरान 8 नवंबर को जिला अस्पताल में मौत हो गया। अस्पताल के वार्ड बॉय ने अस्पताल मेमो पेश कर पुलिस को बताया कि मृतिका को इलाज के लिए अस्पताल में लाया गया था। इलाज के दौरान मौत हो गया। पुलिस द्वारा मर्ग कायम कर विवेचना में लिया गया।

### निधन

## भोजराज साहू

**धमतरी।** धमतरी पत्रकारिता जगत के लिए बुधवार की शाम बेहद दुखद साबित हुई। हरिभूमि से संबद्ध आईएनएच टीवी के धमतरी संवाददाता भोजराज साहू (राजा) 31 वर्ष का 3 दिसंबर को शाम लगभग 5.30 बजे आकस्मिक निधन हो गया। उनका उपचार धमतरी के शिवनंदा हॉस्पिटल में चल रहा था। वे 1 दिसंबर को अस्पताल में भर्ती हुए थे। बिजनापुरी निवासी पुरुषोत्तम साहू के मंझले पुत्र भोजराज अपने पीछे भरा-पूरा परिवार छोड़ गए हैं। उनकी दो बेटियों के सिर से पिता का साया उठ गया। उनका अंतिम संस्कार आज 4 दिसंबर को दोपहर 12 बजे गृहग्राम बिजनापुरी में किया जाएगा।



### अर्जुनी चौक से घड़ी चौक निकली रैली, जमकर हुई आतिशबाजी

# कांग्रेस की नई जिलाध्यक्ष तारिणी का हुआ भव्य स्वागत, राजीव भवन में ली शपथ

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

कांग्रेस की नई जिलाध्यक्ष तारिणी चंद्राकर के प्रथम नगर आगमन पर सोमवार को धमतरी में अभूतपूर्व उत्साह देखने को मिला। अर्जुनी चौक से लेकर घड़ी चौक तक और वहां से राजीव भवन तक सड़कें "तारिणी जिला अध्यक्ष जिंदाबाद" के नारों से गूंज उठीं। जगह-जगह पुष्प वर्षा, आतिशबाजी, ढोल ताशे और बैनर पोस्टरों के बीच कार्यकर्ताओं ने उनका शानदार स्वागत किया।

अर्जुनी चौक प्रवेश द्वार पर पहला स्वागत हुआ। वहां से वाहन रैली और पैदल यात्रा शुरू हुई। घड़ी चौक पहुंचते ही आतिशबाजी का प्रदर्शन किया गया, जिसके बाद तारिणी चंद्राकर अपने सैकड़ों समर्थकों संग ढोल–नगाड़ों की थाप पर राजीव भवन पहुंचीं। मुख्य द्वार पर फूलमाला और गुलाब की पंखुड़ियों से उनका अभिनंदन हुआ। भवन के अंदर जिलाध्यक्ष के रूप में उन्होंने औपचारिक शपथ ली।

मौके पर धमतरी विधायक ओंकार साहू, सिहावा विधायक अंबिका मरकाम, पूर्व विधायक लेखराम साहू, पूर्व विधायक लक्ष्मी ध्रुव, अशोक सोम, पूर्व जिलाध्यक्ष मोहन लालवानी, पूर्व महापौर विजय देवांगन, विपिन साहू, पंकज महावर, राजकुमारी दीवान, सूर्यप्रभा चेटियार, जिला पंचायत सदस्य कविता बाबर, प्रभातराव मेघावाले, नीलम चंद्राकर, आकाश जैन, योगेश शर्मा, आशीष शर्मा, घनश्याम साहू, आनंद पवार, आलोक जाधव, नरेश जसूजा, सलीम रोकड़िया, बृजेश जगताप, राजा देवांगन, नरेन्द्र सोनवानी, हितेश गंगवीर, गुरु गोपाल गोस्वामी, शुभम साहू, डाकुवर साहू, गोपाल शर्मा, होरीलाल साहू, हरमिंदर छाबड़ा, सलीम गौस, सूर्याराव पवार, गोविंद साहू, राजेश ठाकुर, प्रभा श्रीवास्तव, कुलेश्वर देवांगन, शैलेन्द्र दीवान, कन्हैया सोनी, घामेश्वरी साहू, मनीषा साहू, विद्या साहू, कुलेश्वरी साहू, तारिक रजा कादरी, उदित साहू, विशु देवांगन सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित रहे।निवृत्तमान जिलाध्यक्ष शरद लोहाना ने अपने कार्यकाल की उपलब्धियों का उल्लेख करते हुए सभी कार्यकर्ताओं के सहयोग के लिए आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि नई जिलाध्यक्ष तारिणी चंद्राकर के नेतृत्व में धमतरी कांग्रेस और मजबूत होगी।

इस दौरान एआईसीसी द्वारा कुरूद के पूर्व विधायक लेखराम साहू को अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी पिछड़ा वर्ग विभाग में राष्ट्रीय संयोजक बनाए जाने पर उनका भी घड़ी चौक में अभिनंदन किया गया। इस दौरान हरमिंदर छाबड़ा, चंदू साहू, प्रणव मंडल अध्यक्ष तेजराम सिंह, हेमंत साहू, घनश्याम साहू, नोहर साहू, रंजीत छाबड़ा, प्रीतम साहू, मोनू साहू और प्रवीण साहू सहित बड़ी संख्या में लोग पहुंचे। इसी तरह सिहावा चौक में भी तारिणी चंद्राकर का फूलों की वर्षा कर स्वागत किया गया।

इस कार्यक्रम में दीपक सोनकर नेता प्रतिपक्ष, विशु देवांगन उप नेता प्रतिपक्ष, पार्षद योगेश लाल, सुमन मेश्राम, सूरज गहरवाल, उमा भागी ध्रुव, रामेश्वरी कोसरे, पूर्णिमा रजक, गुरु गोपाल गोस्वामी, पंकज देवांगन, कुणाल गायकवाड़, चंदन रजक, युवा कांग्रेस अध्यक्ष हितेश गंगबीर, अनूप नेताम, विक्रम साहू, देवेंद्र देवांगन, भागी निषाद, चित्रांश रजक, तेजराम सिन्हा, दीपक साहू, दीनू साहू समेत अन्य युवा कांग्रेस कार्यकर्ता शामिल हुए।





### "जिम्मेदारी सेवा है, जीत हमारा लक्ष्य"

अपने प्रथम संबोधन में तारिणी चंद्राकर ने कहा मुझे जो जिम्मेदारी दी गई है, उसे मैं सेवा मानकर निभाऊंगी। तीनों विधानसभा क्षेत्र को जिताना, धान खरीदी की निगरानी करना तथा आने वाले पंचायत और निकाय चुनावों में कांग्रेस को विजयी बनाना हमारा लक्ष्य है। वरिष्ठजन मेरी शक्ति हैं। सभी के मार्गदर्शन से जिला और राज्य दोनों में कांग्रेस को मजबूत करेंगे। राज्य में पुनः कांग्रेस की सरकार बनानी है।

### प्रधानमंत्री एवं ईडी का पुतला फूंका



इसी दौरान केंद्र सरकार पर विपक्ष के प्रति राजनीतिक विद्वेष रखने का आरोप लगाते हुए कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने गांधी मैदान में प्रधानमंत्री एवं प्रवर्तन निदेशालय (ED) का पुतला दहन किया। यह विरोध सोनिया गांधी और राहुल गांधी के खिलाफ नेशनल हेराल्ड मामले में की गई ईडी कार्रवाई के विरुद्ध था। जिला कांग्रेस के सभी प्रकोष्ठों ने इसमें भाग लिया।

## जमीन के सरकारी भाव बढ़े कारोबारियों ने किया प्रदर्शन



- मोटरसाइकिल रैली निकाली किया सद्बुद्धि यज्ञ

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

नई गाइडलाइन में जमीन का बाजार मूल्य बढ़ाने से जमीन कारोबारियों में आक्रोश है। तीन दिन से वे गांधी मैदान में धरना- प्रदर्शन कर रहे हैं। बुधवार को उन्होंने सद्बुद्धि यज्ञ किया। मोटरसाइकिल रैली निकालकर कलेक्टोरेट पहुंचे और मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा।

पांच साल बाद शासन ने नई गाइडलाइन जारी कर जमीन बाजार मूल्य में वृद्धि की है। अब बढ़ी हुई जमीन दर पर रजिस्ट्री शुल्क वसूला जाएगा। छतीसगढ़ शासन वाणिज्य कर (पंजीयन विभाग द्वारा केन्द्रीय मूल्यांकन बोर्ड) के इस मूल्य निर्धारण के निर्णय को वापस लेने की मांग को लेकर जमीन कारोबारी संघर्ष समिति ने 15 दिनों तक गांधी चौक में धरना देने का ऐलान किया है। बुधवार को तीसरे दिन के आंदोलन में जमीन कारोबारियों ने बाइक रैली निकाली। कलेक्टोरेट पहुंचकर उन्होंने जोरदार प्रदर्शन किया। पुलिस ने बैरिकेड्स लगाकर प्रदर्शनकारियों को रोका। प्रदर्शन के बाद उन्होंने कलेक्टर के माध्यम से मुख्यमंत्री को ज्ञापन प्रेषित किया। जमीन कारोबारियों ने बताया कि बाजार मूल्य निर्धारण हेतु गाइडलाइन में जमीन की कीमत में बेतहाशा वृद्धि की गई है। इससे किसान, आम आदमी सहित कारोबारियों को काफी नुकसान होगा। उन्होंने बताया कि पूर्ववर्ती सरकार ने शासकीय गाइडलाइन में 30 प्रतिशत की कमी कर पंजीयन शुल्क में 4 प्रतिशत की वृद्धि की थी। सरकार ने इसके विपरीत गाइडलाइन में 42 प्रतिशत की वृद्धि की। परंतु पंजीयन शुल्क में कोई कमी नहीं की गई है। उन्होंने बताया कि पिछले पांच साल में गाइडलाइन में कोई वृद्धि नहीं की गई थी। इसके बाद भी शासन को हर साल बढ़ते क्रम में आय प्राप्त हो रही थी। अब बढ़ोतरी के बाद कम बजट वाले लोग जमीन नहीं खरीद पाएंगे। इससे कीमत में बढ़ोतरी के बाद भी शासन को नुकसान होने की आशंका है।



प्रदर्शन के दौरान जमीन कारोबारियों ने काले कपड़े पहनकर शासन-प्रशासन के खिलाफ खूब नारेबाजी की। इससे पहले उन्होंने गांधी मैदान में सद्बुद्धि यज्ञ किया। प्रदर्शन के दौरान जमीन कारोबारी ऋतुराज पवार, राकेश झंवर, दिलीप सुंदरानी, मनजोत, सत्येंद्र शर्मा, मुक्कू वरदियानी, कुश कपूर, राजू भालेकर, नरेंद्र गोलछा, नरेंद्र साहू, झुमर लुनावत, नरेश शमनानी, सुरेश जैन, कमलेश गौरी, तामेश साहू, मयंक पंजवानी, जीतू शर्मा उपस्थित थे।

## कुरुद के बसंत राष्ट्रीय पुरस्कार से सम्मानित

- राष्ट्रपति ने दिया सर्वश्रेष्ठ दिव्यांगजन का अवार्ड

हरिभूमि न्यूज ▶▶कुरूद

कुरुद के प्रसिद्ध चित्रकार बसंत साहू को राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने अंतर्राष्ट्रीय दिव्यांगजन दिवस के अवसर पर प्रशस्ति पत्र एवं प्रतीक चिन्ह भेंटकर सम्मानित किया। यह सम्मान उन्हें सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय भारत सरकार द्वारा दिव्यांगजन सशक्तिकरण के लिए राष्ट्रीय पुरस्कार 2025 अंतर्गत उन्हें सर्वश्रेष्ठ दिव्यांगजन हेतु प्रदान किया है।

बता दें कि छत्तीसगढ़ के धमतरी जिले के कुरुद के रहने वाले 52 वर्षीय बसंत साहू 95 प्रतिशत दिव्यांग हैं और अपनी असाधारण जिजीविषा और कला साधना के दम पर पिछले 30 वर्षों से व्हीलचेयर के सहारे रंगों का संसार रच रहे हैं। एक पेंटिंग बनाने में उन्हें चार से पांच दिन लग जाते हैं। कलाप्रेमी उनकी पेंटिंग्स को सौंदर्य में बेजोड़ और संवेदनशीलता तथा गहराई का अद्भुत मेल मानते हैं। आज वे उन सभी लोगों के लिए प्रेरणा के प्रतीक हैं जो जीवन की कठिन परिस्थितियों में हार मान लेते हैं। उन्होंने यह साबित कर दिखाया है कि दिव्यांगता शरीर में हो सकती है, मन में नहीं।

चित्रकार बसंत को राष्ट्रीय पुरस्कार मिलने पर मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय, उपमुख्यमंत्री अरुण साव, प्रभारी मंत्री टंकराम वर्मा, विधायक अजय चंद्राकर, नगर पालिका कुरुद अध्यक्ष ज्योति भानु चंद्राकर, नवनियुक्त कांग्रेस जिलाध्यक्ष तारिणी नीलम चंद्राकर के अलावा बड़ी संख्या में नगरवासी एवं बसन्त फाउंडेशन से जुड़े लोगों ने हर्ष व्यक्त किया है।



### शरीर सीमित हो सकता है, आत्मा की उड़ान नहीं

राष्ट्रीय पुरस्कार पर अपनी प्रतिक्रिया देते हुए बसंत ने कहा कि जब कर्म समर्पण बन जाए, और सीमाएं साधना तो पुरस्कार नहीं, परमात्मा की कृपा मिलती है। मुझे राष्ट्रीय पुरस्कार के लिए चुना जाना केवल मेरा नहीं, मेरी मां की तपस्या, रंगों के विश्वास और लोगों के स्नेह का प्रतिफल है। मैंने जीवन से सीखा। शरीर सीमित हो सकता है, पर आत्मा की उड़ान अनंत होती है। मेरी हर रचना उसी उड़ान की गवाही है।

### दिव्यांगजन को दया नहीं सम्मान की जरुरत

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने एक अन्य दिव्यांग कलाकार गायत्री गुप्ता को भी इसी समारोह में राष्ट्रीय पुरस्कार से सम्मानित किया है। उनकी कलाकृतियां विभिन्न प्रदर्शनियों में सराही गई हैं। इस दौरान उन्होंने कहा है कि किसी समाज को सही मायने में तभी विकसित कहा जा सकता है जब दिव्यांगजनों के साथ समान व्यवहार किया जाए। उन्होंने कहा कि उनके साथ दया नहीं, बल्कि सम्मान और गरिमा का व्यवहार किया जाना चाहिए।

## सिन्हा समाज का परिचय सम्मेलन 7 को



हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

कलार समाज मंडल धमतरी द्वारा 7 दिसंबर को युवक-युवती परिचय सम्मेलन एवं पारिवारिक मिलन समारोह का आयोजन किया जा रहा है।

मुख्य अतिथि टंकराम वर्मा, राजस्व मंत्री व अति विशिष्ट अतिथि रूपनारायण सिन्हा अध्यक्ष छग योग आयोग होंगे। अध्यक्षता प्रदेश अध्यक्ष युवराज सिन्हा करेंगे। विशिष्ट अतिथि महापौर रामू रोहरा होंगे।

## संबलपुर के थोक व्यापारी के गोदाम से 100 क्विंटल से ज्यादा धान भंडारण का खुलासा



हरिभूमि न्यूज ▶▶कांकेर

सतर्क ऐप पर आई एक शिकायत ने संबलपुर में बड़े अनियमित भंडारण का पर्दाफाश कर दिया। एसडीएम गंगाधर वाहिले के निर्देश पर की गई संयुक्त छापामार कार्रवाई में थोक व्यापारी कुशल जैन के गोदाम से उम्मीद से कई गुना अधिक धान बरामद हुआ।

जांच टीम जब मौके पर पहुँची तो गोदाम में रखे 104.80 क्विंटल अतिरिक्त धान ने पूरे विभाग को चौंका दिया, जिसके बाद तत्काल जप्ती और कानूनी कार्रवाई की प्रक्रिया करते हुए थोक व्यापारी पर शिकंजा कसा गया। जाँच पर पहुँचे अधिकारियों ने बताया कि गोदाम की नियमित स्टॉक प्रविष्टियों और मौके पर मिले वास्तविक स्टॉक में भारी अंतर पाया गया। दस्तावेजों के अनुसार व्यापारी के पास जितना धान होना चाहिए था, उससे कहीं अधिक धान मौके पर पाया गया। जांच में कुल 104.80 क्विंटल अतिरिक्त धान बरामद किया गया, जिसे तत्काल प्रभाव से जप्त कर लिया गया है। संयुक्त जांच दल में शामिल अधिकारियों के अनुसार, व्यापारी द्वारा धान की अनियमित खरीद और अवैध भंडारण की आशंका जताई गई है।

## सैकड़ों स्वयंसेवकों ने नगर में किया व्यापक जनसंपर्क

- आरएसएस का गृह–गृह संपर्क अभियान संपन्न

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के शताब्दी वर्ष के उपलक्ष्य में आयोजित संयुक्त गृह-गृह संपर्क अभियान 3 दिसंबर को उत्साहपूर्ण वातावरण में संपन्न हुआ। विंध्यवासिनी माता मंदिर परिसर में माता की पूजा-अर्चना के साथ प्रारंभ हुए इस अभियान में बड़ी संख्या में स्वयंसेवक शामिल हुए। पूजन के बाद स्वयंसेवकों ने नगर के प्रमुख मार्गों रामबाग, गणेश चौक, सदर बाजार, कचहरी चौक, चमेली चौक, मठ मंदिर चौक, गोलबाजार, बालक चौक और घड़ी चौक का पैदल भ्रमण कर नागरिकों से संपर्क साधा।

स्वयंसेवकों ने संघ की पत्रिका तथा जनसंदेश नगरवासियों को समर्पित किए और समाज परिवर्तन के पांच आयामों में सहभागिता निभाने का अनुरोध किया। इस अभियान का उद्देश्य समाज में संगठन, सेवा, समरसता और सहयोग की भावना को और अधिक सुदृढ़ करना रहा।



इस अवसर पर नगर संघचालक रामलखन गजेंद्र, सह नगर संघचालक महेश शर्मा, सह राजिम विभाग कार्यवाह घनश्याम साहू, जिला सह कार्यवाह सुनील यदु, नगर कार्यवाह मोहित साहू, नगर सह कार्यवाह रवि शर्मा, जिला संपर्क प्रमुख राजकुमार क्षत्रिय, रौनित सहारे, राघव राव रणसिंह, वेदप्रकाश भेसले, विजय ठाकुर, मिलिंद कुलकर्णी, नरेश नेताम, दिनेश पटवा, डॉ. सेवन साहू, उमेश भारद्वाज, अमित पटेल, भेदूराम साहू, संतोष सोनकर, लीना भारती, चेतना रणसिंह, चित्ररेखा पटेल, अनीता सोनकर सहित अन्य ने सहभागिता निभाई।

नगर संघचालक ने कहा कि संघ के 100 वर्षों की यह यात्रा समाज की संगठित शक्ति को मजबूत करने का प्रतीक है। उन्होंने कहा कि देश की विकास यात्रा में स्थायी परिवर्तन तभी संभव है जब समाज की शक्तियां एकजुट होकर राष्ट्र कार्य में सक्रिय भूमिका निभाएं। आयोजकों ने स्वयंसेवकों से आग्रह किया कि वे आगे भी दो नए व्यक्तियों को प्रेरित कर समाज में सहयोग और जागरूकता का दायरा बढ़ाएं। उन्होंने सभी नागरिकों और स्वयंसेवकों के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि धमतरी नगर में आज का यह व्यापक जनसंपर्क अभियान सामाजिक एकजुटता का प्रेरक उदाहरण साबित हुआ।

## महानदी तट पर 24-25 दिसम्बर को गूँजेगी साईं बाबा की अमृतमय कथा

**धमतरी।** कोलियारी स्थित महानदी के पावन तट पर विराजमान श्री साईं बाबा मंदिर में आगामी 24 एवं 25 दिसम्बर को संगीतमय श्री साईं बाबा अमृतमय कथा का भव्य आयोजन किया जाएगा। दो दिवसीय आध्यात्मिक कार्यक्रम में सुप्रसिद्ध कथावाचक श्री साईं शरणम (साईं धाम शिर्डी वाले) अपनी मधुर वाणी में साईं लीला का वाचन करेंगे। कथा दोपहर 12 बजे से आरंभ होगी, जिसमें भक्तजन भक्ति, ज्ञान और आध्यात्मिक शांति का संदेश ग्रहण कर सकेंगे। आयोजन समिति ने बताया कि कथा स्थल को विशेष रूप से सजाया जा रहा है, ताकि श्रद्धालु शांत वातावरण में दिव्य कथा का लाभ उठा सकें। कार्यक्रम की जानकारी साईं समिति के प्रमुख एवं मंदिर के संचालक दिनेश सोनकर ने दी।

online Booking:-www.tripuryatra.com
20 वर्षों से
बिलासपुर, रायपुर, दुर्ग, गोंदिया से होकर
सुविधा ज्यादा सबसे कम राशि पर
स्पेशल ट्रेन से - 20 दिसंबर से 30 दिसंबर 2025 (11 दिन)
रामेश्वरम् धाम यात्रा
श्री रामेश्वरम् धाम ज्योतिर्लिंग, श्री तिरूपति बालाजी, श्री मल्लिकार्जुन ज्योतिर्लिंग, मदुरै श्री मीनाक्षीदेवी, श्री कन्याकुमारी,
40 शीटें शेष
राशि :- स्लीपर 16,500/-, 3 एसी-27,500/-, 2 एसी 32,500/- (+5% GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
संपर्क करें:-7354 411411

## विभिन्न कोर्सों में निःशुल्क प्रशिक्षण

**धमतरी।** राज्य शासन द्वारा संचालित मुख्यमंत्री कौशल विकास योजना के तहत लाईवलीहुड कॉलेज धमतरी में विभिन्न कोर्सों में निःशुल्क प्रशिक्षण दिया जाएगा। इनमें आठवीं उत्तीर्ण के लिए सुरक्षा गार्ड, दसवीं पास अभ्यर्थी के लिए असिस्टेंट इलेक्ट्रिशियन और 12 वीं उत्तीर्ण के लिए फील्ड टेक्नीशियन (एयर कंडीशनर) का प्रशिक्षण शामिल है। सहायक परियोजना अधिकारी, लाईवलीहुड कॉलेज ने बताया कि प्रशिक्षण में प्रवेश के लिए अभ्यर्थी की आयु 18 से 45 वर्ष होनी चाहिए। इच्छुक आवेदक 15 दिसंबर तक लाईवलीहुड कॉलेज में आवेदन जमा कर सकते हैं। आवेदन के साथ शैक्षणिक योग्यता प्रमाण पत्र, निवास प्रमाण पत्र, आधार कार्ड, बैंक पासबुक, राशन कार्ड और पासपोर्ट साईज की फोटो आदि दस्तावेज लगाना होगा।

## रिटायर होकर लौटे फौजी का गांव में हुआ आत्मीय स्वागत

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

भारतीय थल सेना में वर्ष 2004 से पदस्थ हुए राजकुमार नायक ग्राम कोलियारी निवासी ने अपने 21 वर्ष का कार्यकाल पूर्ण करने के बाद मंगलवार को अपने गृहग्राम पहुंचे तो ग्राम विकास समिति के सदस्यों और ग्रामीणों ने उनका बाजे-गाजे और आतिशबाजी के साथ भव्य स्वागत किया। रिटायर्ड फौजी को ग्रामीणों ने सिहावा चौक में फूलमाला से स्वागत कर मोटरसाइकिल रैली निकालकर गांव तक लाये। इस दौरान रामकुमार नायक ने बताया कि इलेक्ट्रॉनिक मैकेनिकल इंजीनियर के पद पर कार्य करते हुए देश सेवा के लिए जुटे रहे। उन्होंने कहा कि सेवा के रूप में कार्य करने का उनका अच्छा अनुभव रहा है। मौके पर ग्राम विकास समिति के अध्यक्ष के यशवन्त सोनकर सचिव शीतल नायक, वरिष्ठ उपाध्यक्ष पुलस्त साहू, कनिष्ठ उपाध्यक्ष संजय निषाद, कोषाध्यक्ष जनक निषाद, सहसचिव प्रेम निषाद, ग्राम पटेल केशकुमार सोनकर समेत अनेक ग्रामीण मौजूद थे।



तुरंत आराम के लिए
तुलसी आयुर्वेदिक चिकित्सालय
पता - तुलसी निवास, बस स्टैंड के पीछे, उपाध्याय नर्सिंग होम के सामने, धमतरी मो.नं. : 9993010732
लकवा रोग, वातरोग - सभी प्रकार के दर्द, गठियाबात, साइटिका, झुनझुनी वात, कमरदर्द, घुटना दर्द, अकड़न, नस रोग का इलाज
चर्मरोग - दाद, खुजली, बेमची, मुंह में छाला होना का इलाज
पेट रोग - कब्ज, गैस, भूख न लगना, खट्टी डकार आना का इलाज
बवासीर - मस्सा होना, खून निकलना, खुजली होना का इलाज
पुरूष रोग - धातुस्राव, शीघ्रपतन व कमजोरी का इलाज
स्त्री रोग - लाल, सफेद पानी आना, मासिक रुकावट का इलाज
बुखार, खांसी, स्वांसरोग, मूत्ररोग, केशरोग, दांतरोग का इलाज

चर्म रोग एवं एलर्जी क्लीनिक
स्थायी ईलाज
विशेषताएं- पुराना दाद एवं खुजली, बेमची, मुहांसे (पिंपल्स) सफेद दाग, एलर्जी वाली खुजली)
डॉ. राकेश साहू होम्योपैथिक विशेषज्ञ
सुबह 10 से 3 एवं शाम 5 से 8 बजे तक (मंगलवार बंद)
पता : हनुमान मंदिर के पास सिहावा चौक, धमतरी
मो. 86027-50020

यहां वात रोग, सभी प्रकार के दर्द, लकवा रोग, बवासीर, पेट रोग, पुरूषों के गुप्त रोग, स्त्री रोग-सफेद पानी आना, मासिक रूकावट केश रोग, मूत्र रोग, शुगर रोग, चर्म रोग, बुखार, सर्दी, खांसी, स्वांस रोग व दांत रोग के इलाज में
तुरंत आराम के लिए
बाबा आयुर्वेदिक चिकित्सालय
पता - हाउसिंग बोर्ड कालोनी पोटियाडीह धमतरी मो.नं. : 8319483810
यहां डॉक्टर का फीस नहीं लगता
खुलने का समय सुबह 8 से 9 बजे तक